# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 135/NCRES/20

Date : 7.7.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– श्री पंकज कुमार देव, वरिष्ठ लिपिक/वाणिज्य विभाग/उमरे/प्रयागराज के अन्तर रेलवे पारस्परिक स्थानान्तरण के संबन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि श्री पंकज कुमार देव, वरिष्ठ लिपिक, वाणिज्य विभाग, प्रधान कार्यालय, प्रयागराज में कार्यरत है। श्री पंकज कुमार देव के वृद्ध माता–पिता व इनकी विधवा भाभी अपने 5 वर्ष के बच्चे के साथ कोलकाता में रह रही है और उनकी देखभाल करने वाला व्रहां कोई नही है, इसी कारण श्री पंकज ने NCR से SER के अन्तर्रेलवे पारस्परिक स्थानान्तरण का प्रार्थना पत्र दिनांक 4.11.2019 व 4.12.2019 (सलग्न) कार्यालय में जमा किया है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि श्री पंकज कुमार देव ने अपनी पारिवारिक परेशानियों के कारण प्रधान कार्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता के चिकित्सा विभाग में कार्यरत मोहम्मद इस्लाम, वरिष्ठ लिपिक से पारस्परिक अंतर्रेलवे स्थानान्तरण का फार्म भरकर कार्यालय में जमा किया है। इससे यह भी स्पष्ट है कि पारस्परिक स्थानान्तरण होने पर श्री पंकज कुमार देव, वरिष्ठ लिपिक के स्थान पर कार्य करने के लिये दक्षिण पूर्व रेलवे से मोहम्मद इस्लाम मिल जायेगे, जिससे प्रधान कार्यालय, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक कार्य में कोई बाधा नही उत्पन्न होगा।

NCRES का अनुरोध है कि उपरोक्त स्थिति पर विचार कर श्री पंकज कुमार देव, वरि. लिपिक, वाणिज्य विभाग के पारस्परिक अन्तर्रेलवे स्थानान्तरण का फार्म स्वीकृत हेतु कार्मिक विभाग, प्रधान कार्यालय, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे को अग्रसारित करने की कृपा करें।

संलग्नः– यथावत

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

सेवा में
प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर मध्य रेलवे
सूबेदारगंज, इलाहाबाद

विषय: अंतर्रेलवे पारस्परिक स्थानांतरण के संबंध में ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी पंकज कुमार देब/वरिष्ठ लिपिक वर्तमान में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे में कार्यरत है ।

महोदय, मै कोलकाता का निवासी हूँ जहां मेरे माता-पिता अकेले रह रहे है। कुछ माह पूर्व मेरे बड़े भाई की बीमारी से देहावसान होने की वजह से वर्तमान में मेरे माता-पिता, भाभी एवं 5 वर्ष की भतीजी की सारी जिम्मेवारी मेरे ऊपर है। इसके निर्वहन के लिए मेरा अपने परिवार के पास कोलकाता जाना अति आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि मेरा स्थानांतरण मुख्यालय/दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता किए जाने पर सहानभूतिपूर्वक विचार किया जाय ताकि मै रेल कार्य के साथ-साथ पारिवारिक/सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी कर सकू।

इस क्रम में मै मुख्यालय/चिकित्सा विभाग/दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में कार्यरत मोहम्मद इस्लाम,वरिष्ठ लिपिक से पारस्परिक स्थानातरण करना चाहता हूँ। अंतर रेलवे पारस्परिक स्थानांतरण का विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र महोदय के अवलोकन हेतु सादर संलग्न है।

अतः महोदय से निवेदन है कि मेरे आवेदन पर सहानभूति पूर्वक विचार करते हुए स्थानांतरण की स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र कार्मिक विभाग, उमरे, मुख्यालय इलाहाबाद को अग्रसारित करने की अनुमति प्रदान करनेकी कृपा करें। इस पुनीत कार्य के लिए प्रार्थी सदैव आपका आभारी रहेगा।

संलग्नक: पारस्परिक स्थानांतरण की प्रतियां (04 प्रति)

दिनांक: 04.11.2019

प्रार्थी

Pankaj Kr Deb 04/11/19

(पंकज कुमार देब)
वरिष्ठ लिपिक
प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय
उत्तर मध्य रेलवे /इलाहाबाद

04/11/19

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर मध्य रेलवे
सूबेदारगंज, इलाहाबाद

**विषय: Inter Railway Mutual Transfer के संबंध मे सहानुभूति पूर्वक विचार करने के संबंध में ।**

**संदर्भः प्रार्थी का पूर्व पत्र दिनांक 04.11.2019।**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी पंकज कुमार देब/वरिष्ठ लिपिक, वर्तमान में आपके अधीन कार्यरत है । मैंने कुछ दिन पूर्व मोहम्मद इस्लाम, वरिष्ठ लिपिक जो कि चिकित्सा विभाग/मुख्यालय/दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में कार्यरत है, के साथ mutual transfer का आवेदन पत्र कार्मिक विभाग को अग्रसारित करने हेतु महोदय को प्रार्थना पत्र दिया था परंतु संबधित अनुभाग दवारा यह अवगत कराया गया है कि महोदय ने मेरे आवेदन को कार्मिक विभाग भेजना अस्वीकृत कर दिया है।

**महोदय मै आपका ध्यान निम्न तथ्यों पर आकर्षित करना चाहता हूँ:**

**1.** मै कोलकाता का निवासी हूँ जहां मेरे माता-पिता अकेले रह रहे है। कुछ माह पूर्व मेरे बड़े भाई की बीमारी से देहावसान होने की वजह से वर्तमान में मेरे माता-पिता, भाभी एवं 5 वर्षीय भतीजी की सारी जिम्मेवारी मेरे ऊपर है। इनके निर्वहन के लिए मेरा अपने परिवार के पास कोलकाता जाना अति आवश्यक है।

**2.** मेरा स्थानातरण **mutual** के आधार पर आवेदित किया गया है जिसके फलस्वरूप मेरे एवज मे एक कर्मचारी जो कि मेरे ही समान वरिष्ठ लिपिक है एवं मुझसे वरिष्ठ है, मेरे स्थान पर वाणिज्य विभाग को प्राप्त होगा जिससे की वाणिज्य विभाग का कार्य अप्रभावित होगा।

**3.** महोदय मै अगर कोलकाता चला जाऊँ तो मै रेल प्रशासन की सेवा पारिवारिक ज़िम्मेदारी से मुक्त हो कर  कर सकूँगा एवं इसके अलावा अपने माता-पिता की भी सेवा कर सकूँगा जो कि एक बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है।

अतः महोदय से ***विनमतापूर्वक एवं दोनों हाथ जोड़कर*** निवेदन है कि मेरे आवेदन पर सहानभूतिपूर्वक विचार करते हुए मेरे पारस्परिक स्थानांतरण **(Inter Railway Mutual Transfer)** की स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र कार्मिक विभाग,उमरे, मुख्यालय इलाहाबाद को अग्रसारित करने की कृपा करें ताकि मै अपने बड़े भाई की मृत्यु से प्रभावित एवं बिखरे परिवार को सहारा दे सकूँ।

महोदय इस दयालुता के लिए मै और मेरा पूरा परिवार आपका सर्वदा आभारी रहेगा।

दिनांक: 04.12.2019

04-12-2019.

प्रार्थी

Pankaj Kr Deb

(पंकज कुमार देब)
वरि० लिपिक
प्र० मु० वाणि० प्रबंधक कार्यालय
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज